# 20 हजार श्रमिकों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

## तैयारी

लखनऊ | **संवाददाता**

राजधानी के 20 हजार श्रमिक परिवारों को भी पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। श्रम विभाग में पंजीकृत इन श्रमिकों का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड के लिए इनका नाम एसईसीसी (सामाजिक आर्थिक व जातिगत जनगणना 2011) की सूची में होने की बाध्यता भी नहीं है।

जिन श्रमिकों ने उत्तर प्रदेश भवन एवं सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्लू) में अपना पंजीकरण और नवीनीकरण कराया है ऐसे सभी श्रमिक आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र हैं। अपर श्रमायुक्त बीके राय बताते हैं कि राजधानी में 70 हजार से अधिक श्रमिक बीओसीडब्लू में पंजीकृत हैं। पहले फेज में अभी करीब 20 हजार श्रमिकों को फिलटर किया जा सका है। इन सभी श्रमिकों की सूची स्वास्थ्य विभाग व सीएससी को भेजी गई है।

श्रमिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ब्लाक स्तर पर कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। सहायक श्रमायुक्त यशवंत कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में श्रमिकों को फोन के जरिए कैम्प की जानकारी दी जा रही है। वहीं आयुष्मान मित्रों के माध्यम से भी गांव के श्रमिकों को जागरूक किया जा रहा है। कार्ड बनवाने के लिए श्रमिकों को श्रम विभाग का कार्ड, आधार व राशनकार्ड लेकर आना होगा।

### निःशुल्क बनेंगे कार्ड

आयुष्मान कार्ड सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में बनेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य केन्द्र, ब्लाक स्तर या श्रम विभाग के कार्यालयों पर लगे कैम्पों में भी श्रमिक अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। यह कार्ड नि:शुल्क बनेगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। इधर 13 से 30 सितम्बर तक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।